an>

Title: Need to give compensation to farmers whose crop got damaged due to heavy rain and hailstorm.

श्री चरणजीत सिंह रोड़ी (सिरसा) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हरियाणा में पांच-छः मार्च को हुई बेमौसम बारिश और ओलवावृष्टि की ओर दिलाना चाहता हूं। इसके कारण वहां के किसानों की गेहूं और सरसों की खड़ी फसल नष्ट हो गई है। एक साल पहले भी हरियाणा के किसानों की नरमे और कपास की फसल को चिट्टी मक्खन के कारण नुकसान पहुंचा था, लेकिन तब से आज तक कोई मुआवजा उन्हें नहीं दिया गया और इस बार भी नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार को कहना चाहता हूं कि जिन किसानों की पिछले साल फसल खराब हुई उन्हें तत्काल मुआवजा दिया जाए और इस बार भी जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई की जाए।